## सार-समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का स्वागत



**चिड़ावा,** (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे आज चिड़ावा आई। शहर के पिलानी बायपास चौराहे के पास दोपहर में राजे पहुंची। इस दौरान भाजपा नेता अनुराग धायल के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का स्वागत किया गया। राजे पूर्व मंत्री काका सुंदरलाल के पैतृक गांव कलवा में बैठक में शामिल होने के आई थी। पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान राजे ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय राजनीति को लेकर चर्चा की और पार्टी को मजबूत करने को लेकर कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आ ान किया। राजे ने पूर्व मंत्री सुंदरलाल के निधन को व्यक्तिगत छति बताते हुए कहा कि काका का उन्हें विधानसभा में हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहा। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित धायल ने राजे को चिड़ावा की मशहूर मिठाई पेड़ा खिलाई। इस पर राजे ने कहा कि झुंझुनूं जिले में आती है तो वे पेड़ा जरूर खाती हैं। इस दौरान रघुवीर सिंह धायल, मेहताब, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित धायल, अनुराग धायल, योगेश शर्मा, राकेश चौधरी, महेश धायल, अजित मुरादपुरिया, दिनेश डूडी, दिनेश जांगिड़, आशिष, नरेश धाभाई, बहादुर सिंह, कृष्ण कुमार जांगिड़, विकास पायल सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

### सैंकड़ों लोगों को भाजपा से जोड़ा

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के वार्ड नंबर 21 भैरूजी जी मंदिर चौक बूथ संख्या 152 में आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान के तहत उपनेता प्रतिपक्ष भाजपा पार्षद दल एवं पार्षद वार्ड नंबर 21 त्रिलोक रैगर के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने टोलफ्री नंबर, रेफरल लिंक के माध्यम से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से जोड़ा गया। त्रिलोक रैगर ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा संगठन है जो राष्ट्रवाद, पंच निष्ठाओं और वैचारिक पृष्ठभूमि पर खड़ी है। आज भाजपा की देश और प्रदेश की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ना चाहते हैं और हमे घर - घर जाकर जोड़ना है । रेगर ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को संगठन के साथ जोड़े और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ें। इस दौरान राकेश कौशिक, तोलूराम सैनी, जसराज प्रजापत, हरचंद सबलानिया, चोथूराम सबलानिया, सेडुराम सबलानिया, किशनलाल सबलानिया, भूराराम सबलानियां, अमरचंद, गौरीशंकर मोहरिया, विनयराज, किशन जगरवाल, शंकरलाल, दानाराम सबलानिया, श्यामलाल डिगवाल, भीवाराम सैनी, मनोज सोनी, बनवारी प्रजापत, मनोज सोनी, शिवलाल, नाथाराम, महेंद्र, गुलाब, गोपीराम, सांवरमल, राकेश, हरीश, सुरेश सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मनसा कॉलेज में प्रवेश उत्सव आयोजित

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। स्थानीय श्री मनसा कन्या महाविद्यालय में नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं का तिलकार्जन करके मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी पुलिस वृत अधिकारी (सी आई) राजेश जी चौधरी विशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश भूपेश, मोटिवेशन प्रोग्रामर ममता मोट- जयपुर व जैतपुरा ग्राम मुखिया पवन वर्मा जीएनएस विद्यालय प्राचार्य मोहनसिंह शेखावत रहे। महाविद्यालय निदेशक डॉ ज्योत्स्ना सिखवाल व प्रबंधक महोदय सुशील बिजारनिया द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ भावना शर्मा द्वारा की गई। सभी अतिथियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। महाविद्यालय छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की अंत में छात्राओं को विभिन्न टास्क करवाकर छात्रा सारिका सैनी को मिस ब्यूटी, अल्का सैनी को मिस फ्रेशर तथा फिजा खान को मिस पर्सनलिटी चुना गया। सभी अतिथियों व छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रवक्ता सुरेश चौधरी, पवन वर्मा, विकास सैनी, राकेश सैनी, मूलचंद गुर्जर, प्रकाश चंद, बुधराम गुर्जर, उदमी प्रसाद राठी, धीरज जांगिड़, सुशीला सर्वा, कविता सैनी, सुमन सैनी, प्रियंका चौधरी, ललिता सैनी आदि मौजूद रहे।

### इंजीनियरों का किया अभिनंदन

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय में देश के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन कनिष्ठ अभियंता अशोक राव की अध्यक्षता में हुआ । मुख्य अतिथि सहायक अभियंता विद्युत नरेश सैनी व मुख्य वक्ता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय केंद्र संचालिका बीके सुनीता बहन थी । विशिष्ट अतिथि फतेहचंद सैनी मुजरावाला, मदनलाल कटारिया थे । कार्यक्रम में सर विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर यहाँ कार्यरत समस्त इंजीनियर्स एवं तकनीकी कर्मचारियों का तिलक लगाकर एवं गायत्री महामंत्र का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बीके सुनीता बहन ने सर विश्वेश्वरैया के जीवनवृत्त पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के नवनिर्माण में उनकी अभियांत्रिकी सेवाएं सदैव स्मरण रहेंगी । बीके बहन ने उपस्थित सभी अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों को मेडिटेशन भी कराया तथा सकारात्मक ऊर्जा प्राप्ति के लिए मेडिटेशन को अचूक बताया । मुख्य अतिथि सहायक अभियंता नरेश सैनी ने कहा कि सर विश्वेश्वरैया देश के महान इंजीनियर, वैज्ञानिक एवं आधुनिक भारत के विश्वकर्मा थे, उनके नेतृत्व में विकसित एवं समृद्धशाली राष्ट्र बनाने के लिए भारत में कृष्णराज सागर बांध, सिंचाई एवं जलापूर्ति से संबंधित कई परियोजनाओं का निर्माण किया गया । सर्वोदयी कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा कि सर विश्वेश्वरैया को उनके अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया था । कार्यक्रम के अध्यक्ष कनिष्ठ अभियंता अशोक राव ने इस आयोजन में पधारे सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने सर विश्वेश्वरैया के जीवन को प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय बताते हुए आभार व्यक्त किया । इस दौरान कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता प्रियंका असवाल, कनिष्ठ अभियंता देवेंद्र वर्मा, एडवोकेट ताराचंद सैनी नांगल, अर्जुनलाल, दीपेंद्र सैनी, संतोष कुमार भार्गव, सहीराम ओलखा, आशु सिंह मौजूद रहे ।

### विशाल श्याम भजनसंध्या आयोजित

**सीकर,** (निसं)। यहां चांदपोल के बाहर बिहारी मार्ग पर विगत शाम श्रीश्याम बाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्यामभक्त रामगोपाल गोपी के सानिध्य में विशाल भजनसंध्या का आयोजन किया गया। समाजसेवी माधव पारीक के निवास पर हुए इस श्याम संकीर्तन में बाबा की ज्योत लेकर भजनों से श्यामप्रभु को रिझाया गया। सत्यनारायण पारीक ने श्यामभक्त गोपी का सम्मान किया। भजनसंध्या में श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी, अनीता कांकरोलिया, वीरेंद्र माथुर, वंदना राठौर, राधिका राठौर,शेर सिंह चौहान, यश चौहान, संतोष खंडेलवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी। धमाल पर श्यामभक्त जमकर नाचे। समाजसेवी सत्यनारायण पारीक, नन्दकिशोर पारीक पुजारी लंकापुरी बालाजी, राजेन्द्र पारीक, राजकुमार पारीक, मुरारीलाल पारीक, राजेश पारीक, मनोज, माधव पारीक, नटवर, रमाकांत तिवाड़ी, राजेश पारीक, जितेन्द्र पारीक, शीला पारीक, सरोज पारीक, कुसुम पारीक, बबीता पारीक, अर्चना पारीक, पंकज जोशी, मुकेश जोशी, सुधीर गुरुजी, सुशील, दिलीप पारीक, अशोक पारीक, ज्योति तनवानी सहित काफी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### गौशालाओं का किया निरीक्षण

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। तहसीलदार फारुख अली ने सोमवार को क्षेत्र की करीब आधा दर्जन अनुदानित गौशाला का निरिक्षण किया। तहसीलदार ने बलांरा,खेड़ी राडान, रहनावा, रिणू , रोरू बड़ी गौशालाओं का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान गायों के खाने पीने की व्यवस्था व अधिक से अधिक पेड़ लगाने के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पशु चिकित्सक शिव प्रसाद गढ़वाल सहित सभी गौशाला के प्रबंधक मौजूद रहे।


# मुस्लिम समुदाय ने निकाला जुलूस ए मोहम्मदी, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**चूरू,** (कासं)। पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस पर सोमवार को चूरू में मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर विशाल जुलूस निकाला गया।

जुलूस में सैंकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की। पैगम्बर के जन्मदिन पर शहर की मस्जिदों को भव्य फूलों से सजाया गया। सोमवार को तेलियान मोहल्ले के मदीना मदरसा से बारावफात ईद मिलादुन्नबी पर्व पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। शहर इमाम पीर अनवार कादरी ने बताया कि 16 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास से मनाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म मक्का में हुआ था। उन्होंने अल्लाह के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया है। इस पर्व को नबी मोहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि जुलूस ए मोहम्मद प्यार बांटने का दिन है। चूरू की सरजमी गंगा जमुनी संस्कृति की पौषक रही है।

इस मुबारक मौके पर सर्व समाज मिलकर नब्बी की उस इनायत को अपने साथ जोड़ने का काम करते हैं।



चूरू में मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जूलूस ए मोहम्मदी निकाला गया।

जो इंसानियत की ओर लेकर जाती है। जुलूस मदीना मदरसा से निकलकर धोबी चौराहा, नई सड़क, स्टेशन रोड, धर्मस्तूप, पुरानी सड़क होते हुए वापिस मदीना मदरसा पहुंचा। जुलूस का शहर में सर्व समाज के लोगों ने जगह-जगह पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया। राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी के प्रदेष उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के निर्देषानुसार तथा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किषोर धान्धू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलुस ए मोहम्मदी का स्वागत किया। इसी क्रम में मरकजी मस्जिद तेलियान के आगे पार्षद प्रतिनिधि अजीज दिलावरखानी, नई सडक कौम काजीयान के सदर संजय भाटी, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, एसबीआई बैंक के सामने पार्षद विमल शर्मा, राम मंदिर के पास अनुसुचित जाति समाज की ओर से पार्षद प्रतिनिधि सीताराम खटीक, जैन गेस्ट हाउस के पास षिव कुमार शर्मा व शकील टाक की ओर से पुष्प वर्षा, जल सेवा, फल व मिठाई वितरण कर जुलुस का स्वागत किया।

### युवती से छेड़छाड़ कर बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर पुलिस ने देर शाम को बड़ाऊ पंचायत में युवती के साथ छेडछाड़ कर मौके से बाइक चोरी कर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वारदात के दौरान युवती बचने के प्रयास में छत से गिरकर घायल हो गई थी। थानाधिकारी विजयसिंह चंदेल ने बताया कि बड़ाऊ पंचायत के एक व्यक्ति ने 30 जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि घर पर उसकी पत्नी व बेटी थी। रात करीब ग्यारह बजे चूली की ढाणी निवासी सुरेंद्र कुमार शराब पीकर घर में घुस कर उसकी पत्नी के साथ मारपीट और बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान उसकी बेटी आरोपी से छुड़वाकर छत पर चली गई पीछे पीछे आरोपी सुरेंद्र भी छत पर उसकी बेटी के साथ छेडछाड़ करने लगा तो यूवती अपने आप का बचाने की कोशिश की तो छत से नीचे गिर गई, जिससे उसकी रीड़ की हड्डी एवं पांव में गम्भीर चोटें आई। इसके बाद आरोपी मौके पर खड़ी उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। घायल युवती का एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। एसपी प्रवीण नायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। थानाधिकारी ने आरोपी के संदिग्ध स्थानों व आस-पास गांवों में दबीश दी।

## बावलिया बने छः न्याति ब्राह्मण महासंघ चूरू के जिलाध्यक्ष

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय दादू भवन में श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ चूरू की नव नियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण रविवार शाम समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा, भंवरलाल व्यास, धनसुख सारस्वत, औंकारमल पारीक, चंदनमल सारस्वत, डूंगरमल जोशी, कल्याणसिंह पारीक, महेन्द्र कुमार दाधीच, प्रदीप शर्मा, सतीश कुमार औझा, मुरलीधर खण्डेलवाल, ओमप्रकाश गौड़ व जिलाध्यक्ष महेश कुमार बावलिया मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस दौरान पंडित नीरज गौड़ व विनोद ओझा ने स्वस्वित वाचन किया। इस अवसर पर नव नियुक्त कार्यकारिणी में महेश कुमार बावलिया को सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर गुरूदास भारती, रमेश पारीक, लवकुमार कालिया, मनीष नवहाल, सुरेश सारस्वत, राकेश दाधीच, जगदेव सांखोलिया, वासुदेव चाकलान, शंभुदयाल पाण्डिया, अभिषेक पारीक, नरेश उपाध्याय, मदनलाल दाधीच, सुरेश कुमार धरड़, मदनलाल शर्मा, कमल दाधीच, वेदप्रकाश शर्मा व बाबुलाल उपाध्याय



चूरू के दादू भवन में श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ चूरू की नव गठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई।

सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों को प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा ने पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि यह महासंघ विप्र समाज के कल्याण के लिए पिछले 54 वर्षों से कार्य कर रहा है। महासंघ द्वारा समाज के उत्थान के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर चंदनमल सारस्वत, भंवरलाल व्यास, धनसुख सारस्वत व ओंकारमल पारीक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष महेश कुमार बावलिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगठन विभिन्न सामाजिक बुराईयों को दुर कर सामाजिक एकता के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर योगेश गौड़, बाबू पाटील, विनोद दाधीच, जुगल पाण्डे, रामावतार जोशी, जगदीश नवहाल, शैलेज चोटिया, उमेश दाधीच, विमल शर्मा, नवरतन शर्मा, सुरेन्द्र चुलेट, दिनेश बावलिया, मनमोहन महर्षि, विजय झिरमिरिया, सुरेश मिश्रा, रामू पण्डित, श्याम, प्रेमाराम महर्षि, डॉ. लिलाधर शर्मा, डॉ. लक्ष्मीनारायण शर्मा, वासुदेव चाकलान, जगदेव शर्मा, ुभाष महर्षि, विजय बावलिया, प्रकाश चुलेट, मुरारीलाल इन्दोरिया, श्रवण शर्मा, गोपीचन्द शर्मा, सुरेन्द्र बावलिया, राजीव काछवाल सहित अनेक विप्र समाज के लोग उपस्थित थे।

## मिनीसचिवालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिले की तहसील सिद्धमुख के गांव दातली में दुकान के आगे रखे मटके से पानी पीने पर अनुसुचित जाति के छात्रविकास मेघवाल के साथ मारपीट गाली ग्लोच करने के आरोप के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की माँग को लेकर सोमवार कार्यकर्ताओं ने मिनीसचिवालय राजगढ के सामने एक दिवसीय धरना दिया। वहीं घरने पर दोपहर बाद पहुंचे आईपीएस अधिकारी प्रशांत किरण ने तीन दिन में मामले में कार्यवाही का आश्वासन देने पर धरना स्थगीत किया गया। बसपा के जिलाध्यक्ष दईराम मेघवाल, आजाद समाज पार्टी से पूर्व विधायक प्रत्याशी सत्यवान इन्दासर, एडवोकेट सुनील लाखलाण, मनोज निमल, विनोद कटारिया, संदीप पाटील, बंशीधर भीमसरिया, पृथ्वी सिंह, भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष सोमवीर आजाद, ओमप्रकाश, राजवीर, सचिन कुमार, मुकेश सहित दर्जनों लोगों ने आईपीएस अधिकारी प्रशांत किरण को मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि राजस्थान में अनुसुचित जाति जनजाति वर्गो के साथ भेदभाव छुआछूत, अमानवीय व्यवहार, बेगार व अत्याचार हो रहा है, जो दिनांक 11 सितम्बर 2024 को छात्र विकास मेघवाल उम्र 16 वर्ष के साथ मटके के पानी पीने के कारण उसके साथ 05-07 आरोपियों ने मिलकर बेरहमी से मारपीट कर गाली गलोच की थी, जिसकी एफआईआर 115/24 पुलिस थाना सिद्धमुख में दर्ज करवाई थी। जिसका अनुसंधान प्रशांत किरण कर रहे है। आरोप है कि पुलिस अपराधियों से मिली भगत कर पीडित परिवार के विरोध में मनघडत कहानी बनाकर झुठा मुकदमा दिनांक 13 सितम्बर 2024 को दर्ज करवा दिया है। जिससे पीडित परिवार डर कर अपनी मांग गिरफ्तारी की नहीं कर पाये।

## राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे : सांसद कस्वां

**चूरू,** (कासं)। राजस्थानी भाषा एक समृद्ध और प्राचीन भाषा है। इसका समृद्ध आधुनिक साहित्य है। यह भाषा राजस्थान की लोक संस्कृति की वाहक है। इसके संरक्षण व संवर्धन के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलवाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर संसदीय कमेटी तथा संसद में सक्रियता से बात रखने का प्रयास करूंगा। ये विचार सांसद राहुल कस्वां ने रविवार शाम स्थानीय सूचना केंद्र में प्रयास संस्थान की ओर से आयोजित राजस्थानी साहित्य पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। सांसद कस्वां ने कहा कि राजस्थानी आंदोलन से जुड़े लोग व साहित्यकार, बुद्धिजीवी इस दिशा में मार्गदर्शन करेंगे तो वे चार कदम आगे चलकर यात्रा तय करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे हमारी मातृ भाषा के साथ हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए साहित्य अकादमी के राजस्थानी भाषा संयोजक प्रो. अर्जुन देव चारण ने कहा कि राजस्थानी की बात करना यहां की संस्कृति, रोजगार और लोक कल्याण की बात करना है। यह



चूरू के सूचना केन्द्र में प्रयास संस्थान की ओर से साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

साहित्यकारों का व्यक्तिगत मामला नहीं है। इसको राजनीति द्वारा ही हल किया जाना है। जरूरत है राजनीति सामूहिक शक्ति से इसका सूझबूझ के साथ निस्तारण करें। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. भरत ओला ने कहा कि भाषा की मान्यता किसी व्यक्ति, किसी सांसद का निजी मसला भी होना चाहिए और प्रांत का सामूहिक मसला भी। कोई सांसद आगे आकर इसे संभालेगा तो तय है कि समय उसे याद करेगा। साहित्यकार और जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजे सिंह राजपुरोहित ने कहा कि मां से जैसे हमारा होना है, वैसे ही मातृभाषा से भी हमारा होना है, हमें भाषा की अंवेर करनी होगी। जिस-जिस ने भाषा की अंवेर की, वह प्रगति के पथ की ओर ही अग्रसर हुआ। इससे पूर्व अतिथियों ने संस्थान की ओर से दिए जाने वाले वार्षिक पुरस्कार के तहत चूरू के सुरेंद्र पारीक रोहित को मोहन आलोक साहित्य सम्मान, उदयपुर के अरविंद आशिया व कोटा के जितेंद्र निर्मोही को बैजनाथ पंवार कथा साहित्य पुरस्कार, बीकानेर की मोनिका गौड़ व जोधपुर की बसंती पंवार को सावित्री चौधरी खूमसिंह साहित्य पुरस्कार, जैसलमेर के महेंद्र सिंह छायण व श्रीडूंगरगढ के पूनमचंद गोदारा को दुर्गेश युवा साहित्यकार पुरस्कार से अलंकृत किया।

## सार-समाचार

### डॉक्टर कैलाश राहड़ को मिली उपाधि



**खेतड़ी,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित सात्विक हॉस्पिटल के डायरेक्टर, सीनियर फिजीशियन व डायबिटिज रोग के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. कैलाश राहड़ को जयपुर में आयोजित हुई इंडियन सोसाइटी ऑफ हाइपरटेंशन की 34वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के दरमियान आयोजित दीक्षांत समारोह में फेलो ऑफ दी इंडियन सोसाइटी ऑफ हाइपरटेंशन (एफआईएसएच) की उपाधि दी गई है। आईएसएच अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, एसएमएस प्रिंसिपल डॉ. दीपक महेश्वरी, आईसीपी अध्यक्ष डॉ. गिरीश माथुर, आईएसएच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र वाजपेयी, पूर्व डीन एवं अध्यक्ष एपीआई डॉ. केके पारिक, डॉ. पुनीत सक्सेना ने ये उपाधि डॉ. राहड़ को प्रदान की। डॉ. राहड़ को यह उपाधि उनके द्वारा सीनियर फिजिशियन के रूप में चिकित्सा क्षेत्र में हाइपरटेंशन के इलाज व हाइपरटेंशन से होने वाले हृदय रोग, लकवा रोग, गुर्दा रोग में किए गए उत्कृष्ट चिकित्सकीय व शोध कार्य के लिए दी गई। डॉ. राहड़ शेखावाटी क्षेत्र के अकेले फिजीशियन व डायबिटीज रोग विशेषज्ञ हैं। जिन्हें यह राष्ट्रीय स्तर की उपाधि मिली है। एफआईएसएच पूरे देशभर में हाइपरटेंशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट चिकित्सा कार्य करने वाले चिकित्सकों को दी जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की सबसे प्रतिष्ठित उपाधि हैं। आपको बता दें कि डॉ. राहड़ को इसके अलावा भी कई बार राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।

### उपराष्ट्रपति आज आएंगे झुंझुनूं

**खेतड़ी,** (निसं)। देश के महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं आएंगे। उप राष्ट्रपति धनकड़ अपनी धर्मपत्नी सुदेश धनकड़ के साथ मंगलवार सुबह 07.15 बजे दिल्ली एयरपोट से हैलीकॉप्टर द्वारा झुंझुनूं के लिए रवाना होंगे। सुबह 8.20 बजे वे झुंझुनूं हवाई पट्टी पंहुचेंगे। 8.25 बजे वे हवाई पट्टी से रवाना होकर शहीद पीरू सिंह राउमावि के खेल मैदान में स्वच्छता ही सेवा अभियान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे वे कार्यक्रम स्थल से हवाई पट्टी के लिए रवाना होंगे और सुबह 11.15 बजे वे हैलीकॉप्टर द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ की मंगलवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों का सोमवार को जिला कलक्टर रामावतार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी स्टेज, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी प्रवेश एवं आमजन के प्रवेश, पार्किंग, पीने के पानी, विभागीय स्टॉलों सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरीया सहित विभागीय अधिकारी व पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

### भाजपाईयो ने किया राजे का स्वागत

**खेतड़ी,** (निसं)। झुंझुनूं प्रवास पर आई पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया का टोल बूथ पर भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में स्वागत अभिनंदन किया गया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी दुपट्टा पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर वसुंधरा राजे सिंधिया का स्वागत किया। इस मौक़े पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन फ़तेहपुर मधुसूदन भींडा, कुबेर सिह शेखावत, नगर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, राजेश बाबल, महेश जिनगर, संजय मोरवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, नगर महामंत्री रवि लांबा, पार्षद विजय सैनी, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, प्रमोद जानू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उमाशंकर महामिया, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया, राजेंद्र चौधरी, कपिल सोनी, लोकेश डूडी, ज़िला परिषद सदस्य अजय भालोठिया, विकेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खेत में काम करती महिला की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)।राजगढ थानान्तर्गत गांव रतनपुरा में कृषि का कार्य करते समय अचानक बेहोस होकर गिरने से एक महिला की मौत हो जाने के आरोप में सोमवार को राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। राजगढ थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया नें बताया कि सुरेश कुमार पुत्र सांवतराम जाट उम्र 53 साल निवासी रतनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरु ने सोमवार को दर्ज करवाया मामले में बताया कि वह तथा उसकी पत्नी शिलो देवी दिनांक 16 सितम्बर 2024 को सुबह घर से खेत में गये हुए थे। तथा खेत में जाने के बाद वह तथा उसकी पत्नी शिलो देवी खेत का काम करने लगे। तकरिबन सुबह 6.30 के समय उसकी पत्नी पत्नी को चक्कर सा आया तथा अचानक खेत में जमीन पर गिर गई तो उसने गांव के तीन चार जनों को फोन किया तो गांव से गाडी लेकर आये और उसकी पत्नी शिलो देवी को राजगढ सरकारी अस्पताल में लेकर आये तब अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। तथा बतया कि दिनाक 16 सितम्बर 2024 को उसकी पत्नी का मृत शरीर सरकारी अस्पताल मोर्चरी मे रखा दिया गया। जिसके बाद चिकित्सकों ने मौर्चरी रूम में पहुंचकर मृतक शिलो देवी के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया। राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

### किसान सभा की बैठक आयोजित

**रतनगढ़,** (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी की बैठक स्थानीय किसान मजदूर भवन में हुई। राज्य महासचिव कॉमरेड छगन चौधरी के पर्यवेक्षण में हुई बैठक में दिवंगत सीपीआईएम राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए छगन चौधरी ने कहा की संगठन का आधार सदस्यता है और हमें सदस्यता बढ़ाकर संगठन को मजबूती प्रदान करनी है। संयोजक कॉमरेड भादर भामू ,सचिव बिरजूराम खीचड़ और उपाध्यक्ष विनोद सिंह राठौड़ , बिशनलाल रूलानिया ने कहा की ब्लॉक कमेटी बीमा और बिजली की लड़ाई को तेज करेगी। सभी गांवों में कमेटियों का गठन करके संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। कॉमरेड जगदीश कुड़ी और सीताराम झाझडिया ने कहा की रतनगढ़ कमेटी बकाया बीमा क्लेम खरीफ और रबी 2023 के लिए जिला और राज्य कमेटी के साथ मिलकर सभी आफतियों को खारिज करवाकर किसान हितों के लिए संघर्ष को मजबूती देगी। बैठक में हरिराम सीलू,दीपक सिंह,ओमप्रकाश,देवाराम ढाका,हरिराम जाट, पूसाराम कुड़ी उपस्थित थे।

### झाझडिया अध्यक्ष तथा पचार बने मंत्री

**चिड़ावा,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की उप शाखा चिड़ावा के वार्षिक चुनाव जमनादास अडुकिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिडावा में चुनाव अधिकारी विनोद कुमार व पर्यवेक्षक राजेश जांगिड़ की देखरेख में संपन्न हुए जिसमें सभी पदाधिकारी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ । आनंद झाझडिया को अध्यक्ष, सज्जन सिंह पचार को मंत्री और रोहिताश्व कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। महिला मंत्री श्रीमती सुनीता, सभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शेखावत, उपसभा अध्यक्ष श्यामलाल चेजारा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरिता कुमारी, उपाध्यक्ष महिला कुसुम लता, उपाध्यक्ष पुरुष सुमेर सिंह धायल, प्राध्यापक सदस्य नरेंद्र प्रताप वालिया, प्रयोगशाला सहायक अंकित कटेवा का निर्वाचन सर्व सम्मति से हुआ। इनके अतिरिक्त जिला महासमिति के लिए प्रदीप मोदी, दयानंद खटकड़, वीरेंद्र मीणा, विजेंद्र सिंह, रोहिताश कुमार का निर्वाचन भी निर्विरोध किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने समस्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। चुनाव कार्यक्रम में राजेश मान, विक्रम नूनिया, विजेंद्र सिंह, राजेश, संदीप, कैलाश आदि अनेक शिक्षकों ने भाग लिया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सादुलपुर,** (निसं)।68वीं जिलास्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता 17 वर्ष व 17 वर्ष का उद्घाटन सोमवार को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महाराणा प्रताप चौक सादुलपुर के खेल मैदान में रंगारंग हुआ। उद्घाटन जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड, सीबीओ बबलेश शर्मा, पूर्व निदेशक महावीर सिंह, मंगतू राम मोहता, नोडल प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार पूनिया, खेल अधिकारी रामूराम बुंदेला, प्रधानाचार्य उर्मिला पूनिया, सहसंयोजक राजकुमार पूनिया, उप प्राचार्य बृह्मानंन्द, उप प्राचार्य राजवीर सुड्डा, रामस्वरूप फगेडिया व दिनेश कुमार पूनिया आदि ने विधिवत किया। खेल ध्वज चढाया गया, तथा खिलाडियों को शपथ दिलाकर खेल भावना का संकल्प दिलवाया गया।